भारत सरकार
रेल मंत्रालय

लोक सभा
10.12.2025 के
अतारांकित प्रश्न सं. 1806 का उत्तर

दिल्ली और ब्रजघाट के बीच ट्रेन

1806. श्री अरुण गोविल:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार का विचार कार्तिक और पूर्णिमा के दौरान गंगा नदी तट मेले में आने वाले, पवित्र स्नान करने के लिए बड़ी संख्या में आने वाले तीर्थयात्रियों की सुविधा के लिए और इस क्षेत्र के सभी शहरों को बेहतर संपर्क देने के लिए दिल्ली से गाजियाबाद, पिलखुवा और हापुड़ होते हुए ब्रजघाट तक इलेक्ट्रिक मल्टीपल यूनिट (ईएमयू) ट्रेन चलाने का है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ख) दिल्ली से ब्रजघाट के बीच ईएमयू ट्रेन चलाने का कोई प्रस्ताव विचाराधीन है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके कब तक चालू होने की संभावना है?

उत्तर

रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) और (ख): गढ़मुक्तेश्वर स्टेशन, जो बृजघाट खंड के यात्रियों की यातायात संबंधी आवश्यकताओं की पूर्ति करता है, वर्तमान में 54307/54308 मुरादाबाद-दिल्ली पैसेंजर तथा 54075/54076 बरेली-दिल्ली पैसेंजर रेल सेवाओं, सहित कुल 12 मेल/एक्सप्रेस तथा 06 यात्री रेल सेवाओं द्वारा सेवित है जो दिल्ली-गाज़ियाबाद-पिलखुआ-हापुड़-गढ़मुक्तेश्वर खंड के यात्रियों की आवश्यकताओं की पूर्ति करती है। इसके अलावा, 05 जोड़ी मेल/एक्सप्रेस सेवाएँ भी उक्त खंड के यात्रियों की आवश्यकताओं को पूरा कर रही हैं।

इसके अलावा, किसी भी मार्ग/रेलखंड पर नई गाड़ी सेवाएँ प्रारम्भ करना निम्नलिखित कारकों पर निर्भर करता है:

- उस खंड की क्षमता,
- पथ की उपलब्धता,
- अपेक्षित चल स्टॉक की उपलब्धता,
- चल स्टॉक के लिए उपयुक्त अवसंरचना की उपलब्धता,
- रेलपथ और अन्य परिसंपत्तियों की अनुरक्षण आवश्यकता

*****